चिकित्सक के समान दृष्टिकोण रखते हैं जिन्हें सिर्फ अपने लाभ से ही मतलब रहता है। इनके लिए उन्हें दूसरों को पीड़ित करने में थोड़ा-सा भी संकोच नहीं होता। प्रस्तुत कविता कार्यक्रम संचालक महोदय की स्वार्थी मनोवृत्ति को दर्शा कर क्रूरता की कहानी बयां करती है।

8. हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे - पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या व्यंग्य किया है?

→ 'हम एक समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे' पंक्ति के माध्यम से कवि ने यह व्यंग्य किया है कि अपाहिज व्यक्ति अपनी शारीरिक विकलांगता की परवाह न करते हुए साहसपूर्वक अपना जीवनव्यतीत कर रहा है, लेकिन दूरदर्शन कार्यक्रम संचालक अपने कार्यक्रम की सफलता के लिए बार-बार उसके अपाहिज होने की दुर्बलता की ओर संकेत करता है। कार्यक्रम संचालक एक समर्थ व्यक्ति को दुर्बल बनाकर कार्यक्रम की सफलता की आशा करता है। यहाँ कवि ऊपरी दिखावा करने वाले लोगों के अंदर छिपे क्रूर चेहरे को स्पष्ट करना चाहते हैं।

9. यदि शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे व्यक्ति और दर्शक, दोनों एक साथ रोने लगेंगे, तो उससे प्रश्नकर्ता का कौन-सा उद्देश्य पूरा होगा?

→ यदि शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे व्यक्ति और दर्शक दोनों एक साथ रोने लगेंगे तो प्रश्नकर्ता का उद्देश्य कार्यक्रम में विकलांग व्यक्ति की पीड़ा के प्रति सहानुभूति को व्यक्त करना पूरा होगा। प्रश्नकर्ता विकलांग व्यक्ति के

2020/7/21 16:00

Scanned with CamScanner

प्रति करुणा की अभिव्यक्ति कर अपने सामाजिक उत्थान के कार्यों को कामयाब बनाना चाहता है। विकलांग व्यक्ति की पीड़ा साथ दर्शकों में उनके प्रति करुणा का भाव उत्पन्न करना प्रश्नकर्ता का उद्देश्य है, समाज में लोग इन्हें मानसिक और शारीरिक दुःख-दर्द-यातना-वेदना देने से बचेंगे। यही उसके कार्यक्रम की सफलता भी है।

8. परदे पर वक्त की कीमत है कहकर कवि ने पूरे साक्षात्कार के प्रति अपना नजरिया किस रूप में रखा है।

⇒ परदे पर वक्त की कीमत है कहकर कवि ने पूरे साक्षात्कार के प्रति अपना नजरिया कार्यक्रम संचालक के स्वार्थ को दिखा कर रखा है। संचालक को परदे पर समय के अनुसार कार्यक्रम प्रस्तुत करने की कीमत मिल रही है। उसी सीमित समय में ही प्रश्नकर्ता को अपने कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाना है। प्रश्नकर्ता अपाहिज व्यक्ति के प्रति हमदर्दी की तुलना में अपने कार्यक्रम की लोकप्रियता के लिए अधिक चिंतित है।

2020/7/21 16:01

Scanned with CamScanner